सत्र द्वितीय (2021-22)

विषय- हिंदी 'ए' (कोड-002)

समय : 2 घंटे **कक्षा 10** **पूर्णांक-40**

सामान्य निर्देश:

(1) इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं खंड 'क' और ख'।

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए।

(3) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।

(4) खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजि

(5) खंड 'ख' में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खंड 'क' (पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक) 20 अंक

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए 2x4 = 8

(क) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फादर कामिल बुल्के के हिंदी प्रेम को प्रकट करने वाले दो प्रसंगों का वर्णन कीजिए।

(ख) नवाब साहब ने बहुत ही यत्न से खीरा काटा, नमक-मिर्च बुरका, अंततः सूंघकर ही खिड़की से बाहर फेंक दिया। उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा? उनका ऐसा करना उनके कैसे स्वभाव को इंगित करता है?

(ग) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ में लेखक ने फादर बुल्के की किन चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख किया है?

(घ) 'लखनवी अंदाज़' शीर्षक की सार्थकता तर्क सहित सिद्ध कीजिए ।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए 2x3 = 6

(क) ' कन्यादान' कविता का कवि वस्त्र-आभूषणों को नारी जीवन का बंधन क्यों मानता है?

(ख) इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता में फागुन के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किया गया है? उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

(ग) 'उत्साह' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) ' कन्यादान' कविता में मां अपनी बेटी को नए वातावरण के अनुसार जिम्मेदारियों का सामना करने के अनुकूल बनाना चाहती है। स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए 3 x 2 = 6

(क) 'माता का अंचल' पाठ में वर्णित बचपन और आज के बचपन में क्या अंतर है? क्या इस अंतर का प्रभाव दोनों बचपनों के जीवन मूल्यों पर पड़ा है? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए

(ख) सरकारी तंत्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है, वह उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है?

(ग) 'कटाओ' में किसी भी दुकान का न होना उसके लिए वरदान है। इस कथन के पक्ष में अपनी राय व्यक्त कीजिए।

खंड 'ख' (रचनात्मक लेखन खंड) (20 अंक)

4. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (5)

(क) महंगाई एक विकट समस्या

संकेत-बिंदु- भूमिका, महंगाई के कारण, साधारण लोगो पर प्रभाव,रोकने के उपाय

(ख) आत्मनिर्भरता

संकेत-बिंदु- आत्मनिर्भरता से अभिप्राय, आत्मनिर्भरता से लाभ, इससे प्राप्त आनंद

(ग) आज की आवश्यकता-संयुक्त परिवार

संकेत-बिंदु- भूमिका, एकल परिवार का बढ़ता चलन, एकल परिवार और वर्तमान समाज, संयुक्त परिवार की आवश्यकता. बुजुर्गों की देखभाल,एकाकीपन को जगह नहीं।, निष्कर्ष

5. आपकी चचेरी दीदी कॉलेज में दाखिला लेना चाहती हैं, किंतु आपके चाचा जी आगे की पढ़ाई न करवाकर उनकी शादी करवाना चाहते हैं। इस बारे में अपने चाचा जी को समझाते हुए लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने मुहल्ले के पोस्टमैन की कार्यशैली का वर्णन करते हुए लगभग 120 शब्दों में पोस्टमास्टर को शिकायती पत्र लिखिए।

6. (क) अपने पुराने कंप्यूटर को बेचने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5)

अथवा

आपने एक जिम खोला है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ख) नवांकुर प्ले स्कूल में प्री प्राइमरी से पाँचवी तक के दाखिले शुरू हो गए हैं। इस स्कूल के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5)

अथवा

'स्वादिष्ट' अचार बनाने वाली कंपनी के के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

7. (क) राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए । (2.5)

अथवा

सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित होने वाले अपने मित्र को लगभग 40 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।

(ख) अपने मित्र को होली के अवसर पर लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। (2.5)

अथवा

अपने मित्र के 18 वें जन्मदिन के अवसर पर लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए।